Downloaded from: justpaste.it/shaheenbagh

ED का शाहीन बाग पर बड़ा खुलासा, धरने के लिए PFI कर रहा फंडिंग

नागरिकता संशोधन कानून (CAA) को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। लोग सड़कों पर उतरकर केंद्र सरकार से नागरिकता कानून को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

नागरिकता संशोधन कानून को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। लोग सड़कों पर उतरकर केंद्र सरकार से नागरिकता कानून को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। लेकिन केंद्र सरकार पहले ही साफ कर चुकी है कि वो इस कानून पर एक कदम भी पीछे नहीं हटने वाले हैं।

[अपने घर में शिफ्ट होंगे उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती !]

दिल्ली के शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ सड़क पर बैठे हुए लोगों को करीब दो महीने होने वाले हैं। प्रदर्शनकारी दिन-रात सड़क पर बैठे हैं और सरकार पर सीएए वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। ऐसे में सवाल ये भी उठ रहे हैं कि शाहीन बाग में बैठे प्रदर्शनकारियों पर जो पैसा खर्च हो रहा है आखिर वो आ कहां से रहा है।

इस पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खुलासा किया है। ईडी का कहना है कि शाहीन बाग में हो रहे प्रदर्शन के लिए देशविरोधी ताकते फंडिंग कर रही हैं। ईडी ने दावा करते हुए कहा है कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) ने शाहीन बाग की फंडिंग की है। वहीं ईडी की कहना है कि पीएफआई के साथ कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कुछ नेता भी हैं।

[लोकसभा में 100 मिनट तक बोले मोदी, विपक्ष को जमकर लताड़ा]

ईडी ने खुलासा करते हुए कहा कि आप नेता संजय सिंह पीएफआई के संपर्क में हैं। उन्होंने पीएफआई के मोहम्मद परवेज अहमद से भी मुलाकात की है। वो लगातार उनसे फोन कॉल और व्हाट्स एप के जरिए जुड़े हुए हैं। इसी के साथ ईडी ने कांग्रेस नेता उदित राज के साथ कांग्रेस के कई नेताओं को पीएफआई के संपर्क में बताया है।